...RAKHAND POWER CORPORATION LTD.
...nder Taking Uttarakhand Govt.)
...FFICE OF THE SUB- DIVISIONAL OFFICER
Electricity Sub-Distribution Division
Melaghat Road, Khatima
(U.S. Nagar) Pin-262308

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपकम)
कार्यालय उपखण्ड अधिकारी
विद्युत वितरण उपखण्ड
मेलाघाट रोड, खटीमा
(उधमसिंह नगर) पिन – 262308

पत्रांक – 29...... वि0वि0उ0ख0(ख0)

दिनाँक – 07/01/2026

विषयः—मो0 अहमद, पुत्र श्री बशीर अहमद, निवासी— वार्ड नं0—6, इस्लामनगर, तहसील—खटीमा, जिला—ऊधमसिंहनगर के शिकायती प्रार्थना—पत्र के सम्बन्ध में।

सचिव
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग
शहीद भगत सिंह कालोनी, अधोईवाला,
देहरादून।

कृपया उपरोक्त विषयक सचिव उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून के पत्र संख्या 204/उ0अ0आ0/मो0 अहमद/ऊसिंहनगर/2025—26 दिनांक 22/07/2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें, (छायाप्रति संलग्न) जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता मो0 अहमद पुत्र श्री बशीर अहमद निवासी— वार्ड नं0—6 इस्लामनगर, तहसील खटीमा, जिला उधमसिंह नगर द्वारा अवगत कराया गया है कि संयोजन संख्या KH2K624185238 जो लगभग 05 वर्ष पूर्व अर्थात् वर्ष 2019 में मकान क्षतिग्रस्त होने के कारण उक्त संयोजन को कटवाते हुये मीटर अपने पास सुरक्षित रख लेने एवं दूसरे भवन में उक्त संयोजन स्थानान्तरण करवाते हुये मीटर चालू करवाया तो उसमें लगभग 90000.00 रू का बिल आने के कारण मानसिक परेशानी के सम्बन्ध में शिकयत दर्ज की गई है।

इस सम्बन्ध में कृपया माननीय महोदय को अवगत कराना है कि शिकायतकर्ता मो0 अहमद पुत्र श्री बशीर अहमद निवासी—वार्ड नं0—06 इस्लामनगर, के परिसर का अद्योहस्ताक्षरी द्वारा स्थलीय निरीक्षण करने पर पाया कि उपरोक्त का मकान क्षतिग्रस्त होने के कारण विगत 05 वर्षो से विद्युत का उपयोग नहीं किया गया है व शिकायतकर्ता द्वारा कटे हुए संयोजन को अपने परिसर पर जुडवाने के पश्चात 90000.00 रू0 का बिल निर्गत् हो गया है। महोदय उक्त समस्या के समाधान हेतु शिकायतकर्ता का दिनांक 23/08/2025 को नया विद्युत मापक स्थापित करने के उपरान्त परिसर पर स्थापित विद्युत मापक के पाठयांक के आधार पर मैनुअल संशोधित कर वास्तविक धनराशि रू0 19662.20 एवं अवास्तविक धनराशि रू0 78923.20 को समायोजित कर दिया गया है एवं शिकायतकर्ता द्वारा धनराशि रू0 19662.20 का भुगतान (छायाप्रति संलग्न) कर सहमति व्यक्त की गई है।

अतः माननीय महोदय से अनुरोध है कि उक्त शिकायत को निस्तारित करने की कृपा करें।

संलग्नः—यथाउपरोक्त।

उपखण्ड अधिकारी
विद्युत वितरण उपखण्ड
खटीमा

पत्रांकः— वि0वि0उ0(ख0) तद्दिनांक—

प्रतिलिपिः—

1— अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड खटीमा सूचनार्थ प्रेषित।

उपखण्ड अधिकारी
विद्युत वितरण उपखण्ड
खटीमा